# ‘‘तरंग’’

## राष्ट्रीय सेवा योजना वार्षिक रिपोर्ट

## 2022-23

## राष्ट्रीय सेवा योजना

## वैश्य महाविद्यालय भिवानी



वैश्य महाविद्यालय भिवानी का शुभारम्भ सन् 1944 में छोटी काशी नगरी की ऐतिहासिक यात्रा में एक विस्मरणीय कदम है। यह महाविद्यालय निरन्तर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न प्रकोष्ठो के माध्यम से प्रयत्नशील है ।

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) भारतीय सरकार द्वारा 1969 में महात्मा गांधी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में शुरू की गई एक पहल है, जिसका उद्देश्य शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों के प्रति सजग ओर सक्रिय बनाना है। यह योजना न केवल छात्रों के व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देती है, बल्कि उनमें समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना और ‘मैं नहीं आप’ की सेवा भावना को भी जागृत करती है।

एनएसएस का मूल दर्शन यह है कि शिक्षा के माध्यम से समाज सेवा की जा सकती है और समाज सेवा के माध्यम से शिक्षा। इस प्रकार यह योजना छात्रों को अपनी अकादमिक पढ़ाई के साथ–साथ समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान में भागीदारी करने का मौका देती है। इससे उन्हें व्यावहारिक ज्ञान के साथ–साथ समाज के प्रति एक सशक्त रूख अपनाने में मदद मिलती है।

एनएसएस के तहत, विद्यार्थी विविध प्रकार की गतिविधियों में भाग लेते हैं जैसे कि स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, शैक्षिक टयूटोरियल्स, रक्तदान शिविर, और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम। ये गतिविधियाँ उन्हें सीधे तौर पर समाज से जोड़ती हैं और समाज की बेहतरी के लिए काम करने का मूल्यवान अनुभव प्रदान करती हैं।

इसके अलावा, एनएसएस विद्यार्थियों को नेतृत्व कौशल, टीम वर्क और समस्या सुलझाने की क्षमताओं को विकसित करने का अवसर प्रदान करती है। एनएसएस में सक्रिय भागीदारी उन्हें न केवल अकादमिक रूप में, बल्कि सामाजिक और नैतिक रूप से भी परिपक्व बनाती है।

| | | |
|---|---|---|
| मुख्य सरंक्षक | : | श्री अजय गुप्ता, प्रधान, प्रबन्धकारिणी<br>डॉ. पवन बुवानीवाला, उप प्रधान, प्रबन्धकारिणी<br>डॉ. सुरेश कुमार गुप्ता, महासचिव, प्रबन्धकारिणी<br>श्री बृजलाल सर्राफ, कोषाध्यक्ष, प्रबन्धकारिणी |
| संरक्षक | : | डॉ. संजय कुमार गोयल, प्राचार्य |
| कार्यक्रम अधिकारी | : | डॉ. कामना कौशिक, एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी<br>डॉ. आशा रानी, एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी |
| राष्ट्रीय स्वयंसेवक प्रतिनिधि | : | छवि, शिवम |

26 जुलाई 2022

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन



03 अगस्त 2022

आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत व "हर घर तिरंगाा" कार्यक्रम के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



30 अगस्त
2022

## खेल महोत्सव का आयोजन





11 सितम्बर
2022

## रक्तदान शिविर का आयोजन





17 सितम्बर
2022

## पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन



**22 सितम्बर 2022**

राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत एनीमिया से सम्बन्धित रक्त जांच शिविर का आयोजन




**24 सितम्बर 2022**

एन एस एस दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने
एन एस एस स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई व एन. एस. एस. के प्री आर.डी. कैम्प
ट्रायल में चयनित हुए 4 स्वयंसेवकों का सम्मान





**01 अक्तूबर 2022**

महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर कॉलेज प्रांगण में महात्मा गांधी को नमन करते हुए, कॉलेज प्रांगण की साफ सफाई की गई और महाविद्यालय के आसपास के क्षेत्र में जल संरक्षण जागरूकता रैली निकाली गई।



**07 अक्तूबर 2022**

चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार में हुई प्री गणतन्त्र दिवस
परेड कैंप की राज्य स्तरीय ट्रायल में महाविद्यालय के
4 स्वयंसेवकों ने भाग लिया जिसमें से दो स्वयंसेवकों
का चयन हुआ।



**15 अक्तूबर 2022**

महाविद्यालय परिसर से लेकर रेलवे स्टेशन परिसर में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया और जागरूकता रैली निकाली गई स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक मुक्त भारत में अपना योगदान देने के लिए लोगों को प्रेरित किया 15 किलो से ऊपर कचरा एकत्रित किया।




**18 अक्तूबर 2022**

गोद लिए गए गांव बापोड़ा में स्वच्छता अभियान के तहत प्लास्टिक कचरे को एकत्रित किया गया और स्वयंसेवकों ने गांव के लोगों को जागरूक किया।





**20 अक्तूबर 2022**

वार्ड नंबर 25 रामगंज मोहल्ला भिवानी में साफ सफाई का आयोजन किया गया वहाँ से लगभग डेढ सौ किलो से ऊपर प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया और नगर परिषद वाहन को बुलाकर कचरा उसके अंदर डाला। इस मौके पर मोहल्ला पार्षद भी मौजूद रहें और स्वयंसेवकों के कार्य की सराहना की।



**31 अक्तूबर 2022**

सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। दौड़ महाविद्यालय से विश्वविद्यालय के पुराने भवन तक की गई।





**03 नवम्बर 2022**

स्वयंसेवकों ने लोहड पीर बाबा मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने मंदिर के प्रांगण में साफ–सफाई की तथा पीछे के खाली जगह में 50 किलो सिंगल यूज़ प्लास्टिक और 200 किलो बायोडिग्रेडेबल वेस्ट का निपटारा किया और 200 पौधों का पौधारोपण किया गया।





**11 नवम्बर 2022**

एबीवीआईएमएएस, धर्मशाला हिमाचल प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय साहसिक शिविर में एनएसएस स्वयं सेविका अनिशा की सक्रिय भागीदारी ने महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।



**14 नवम्बर 2022**

बाल दिवस पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम यथा भाषण, कविता, बाल, संदेश, डाँस व बाल मजदूरी निषेध पर शपथ आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया।






19 नवम्बर 2022

सांप्रदायिक सद्भावना के तहत विभिन्न आयोजन तथा प्रतियोगिताएं कराई गई व 12 नवम्बर से 18 नवम्बर 2022 तक स्वयंसेविका छात्रा डिम्पल व प्रियंका द्वारा राष्ट्रीय एकता शिविर कुरूक्षेत्र में भाग लेने पर सम्मान





25 नवम्बर 2022

महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्ष परिषद उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई उद्यमिता स्वच्छता ग्रामीण सहभागिता प्रकोष्ठ के अन्तर्गत ''भारत लोकतन्त्र की जननी'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।




6 दिसम्बर 2022

बाल सेवा आश्रम भिवानी में वर्किंग मॉडल स्वच्छता, साक्षरता, वृक्षारोपण व जल बचाओ–जीवन बचाओ आदि विषयों पर वर्किंग मॉडल के द्वारा प्रकृति संरक्षण का सन्देश दिया गया। स्वयं सेवकों द्वारा निजी राशि से बाल आश्रम के बच्चों को विभिन्न खाद्य वस्तुएँ वितरित की गई व लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय पंजाब में आयोजित परी गणतंत्र दिवस कैंप में दो स्वयंसेवकों लोकेश व हर्ष ने भाग लिया





9 दिसम्बर 2022

महाविद्यालय प्रांगण में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलाई गई और सड़क सुरक्षा के बार में स्वयंसेवकों को जागृत किया गया।



# 10 जनवरी से 16 जनवरी 2023 तक इकाई–एक द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन हनुमान ढाणी स्थित हनुमान मंदिर में किया गया।







शिविर का शुभारंभ वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के डीन विद्यार्थी कल्याण एवं एन.एस.एस. समन्वयक डॉ सुरेश मलिक और महंत चरणदास द्वारा यज्ञ के साथ किया। इस सात दिवसीय शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताएं व गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनमें स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ प्रोमिला सुहाग द्वारा बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ एवं नारी सशक्तिकरण पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। महन्त चरणदास जी द्वारा स्वयंसेवकों को गो–ग्रास संकल्प दिलाया गया। सांसद चौ. धर्मबीर सिंह जी ने स्वयंसवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का आदर्श वाक्य है ''नॉट मी बट यू''। तत्पश्चात रेडक्रॉस सोसायटी से संजय कामरा के द्वारा स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सायंकालीन सत्र में शैली मित्तल ने आत्मनिर्भर भारत के अन्तर्गत आर्ट एंड क्राफ्ट की ट्रेनिंग देते हुए विभिन्न छोटे–छोटे उत्पादों को शुरू करने की जानकारी दी।







चौथे दिन स्वयंसेवकों के द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' व नशा मुक्ति अभियान पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसे महाविद्यालय प्रबंधक समिति के महासचिव सुरेश गुप्ता, भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ एवं महंत चरणदास जी ने हरी झंडी दिखाकर कॉलेज प्रांगण से रवाना किया। स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली के माध्यम से आम जन को जागरूक किया। सायंकालीन सत्र में डॉ. सुरेन्द्र दलाल जी ने हरियाणा का स्वतन्त्रता संग्राम में योगदान पर विस्तृत व्याख्यान दिया। पाँचवें दिन प्रातः कालीन सत्र में अशोक भारद्वाज ने स्वयंसवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किस प्रकार हम राष्ट्र विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर अपने जीवन को सार्थकता प्रदान कर सकते है। सायंकालीन सत्र में स्वयंसेवकों को अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओं की जानकारी प्रदान की गई व मिट्टी से विभिन्न कलाकृतियाँ श्री सुभाष चन्द्र द्वारा सिखाई गई। भिवानी–महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मवीर की धर्मपत्नी श्रीमती मन्जू देवी ने स्वयसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविरों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। छठे दिन शिविर में मुख्य रूप से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ करण पुनिया, डॉ वंदना पुनिया, भिवानी महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती मन्जू देवी, समाज सेवा के क्षेत्र में गिनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाने वाले पर्यावरण प्रेमी रंजीत सिंह सिरसा ने शिरकत की । स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षित रखने की शपथ दिलाते हुए जागरूकता रैली निकाली गई व पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा स्वयंकोष से दादरी गेट स्थित अपना घर आश्रम में रह रहे वृद्धजनों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए।








विशेष शिविर के समापन में बतौर मुख्यातिथि चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजकुमार मित्तल एवं बतौर विशिष्ठ अतिथि भिवानी के अतिरिक्त उपायुक्त मनोज दलाल ने राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए स्वयंसेवकों को सात दिवसीय शिविर की भागीदारी के प्रमाणपत्र वितरित किए।

---

## 12 जनवरी से 18 जनवरी 2023 तक इकाई–दो द्वारा युवा दिवस के अवसर पर सात दिवसीय शिविर का आयोजन बाबा जहरगिरी आश्रम में किया गया।







शिविर का शुभारम्भ प्रबन्धकारिणी समिति के महासचिव श्री सुरेश गुप्ता व उपाध्यक्ष श्री पवन बुवानीवाला जी द्वारा किया गया । इस दिन शिविर का उद्देश्य एक भारत श्रेष्ठ भारत रहा जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न राज्यों के परिधान पहनकर भारत को एकता के सूत्र में पिरोने का प्रयास किया और यह सन्देश दिया कि जब तक हम एक नहीं होंगे तब तक एक भारत श्रेष्ठ भारत वाला नारा नारा ही रह जायेगा, इसी दिन सबका साथ, सबका विकास को ध्यान में रखते हुए गरीब बस्ती में जाकर गरीब बच्चों को पढ़ाने का कार्य किया । दूसरे दिन चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुल सचिव डॉ. रीतू सिंह ने स्वयंसेवकों को एन.एस.एस. की ध्येय वाक्य ''नोट मी बट यू'' के बारे में बताया । रैडक्रास सोसाईटी के श्री संजय कामरा ने प्राथमिक चिकित्सा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी तथा डॉ. नरेन्द्र सिंह ने स्वंयसेवकों को अमृत महोत्सव व आत्मनिर्भर भारत पर व्याख्यान दिया । तीसरे दिन श्रीमती सविता जैन ने स्वयंसेवकों को आन्तरिक शुद्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपने अन्तःकरण को शुद्ध रखना चाहिए । इस दिन का उद्देश्य स्वच्छ भारत रहा जिसमें स्वयंसेवकों ने आश्रम परिसर की साफ–सफाई की । चौथे दिन योगाचार्य संदीप ने स्वयंसेवकों को योग का प्रशिक्षण दिया तथा डॉ. पवन गुप्ता ने स्वयंसेवकों को रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डाला और कहा कि समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण कर ही अपने सपनों को साकार कर सकते है । इसके बाद लोक नृत्य के माध्यम से स्वयंसेवकों ने विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य की प्रस्तुति दी । पांचवे दिन का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को दिया गया जिसमें चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल ने स्वयंसेवकों को कहा कि भारत युवा देश है और युवाओं को अपनी शक्ति व उर्जा का सदुपयोग करना चाहिए तथा राष्ट्र निर्माण में अपना अहम योगदान देना चाहिए । स्वंयसेवकों द्वारा लघुनाटिका ''थैली नहीं थैला रहा'' के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त भारत का सन्देश दिया । छठे दिन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय सांप्रदायिकता रहा जिसमें डॉ. आशा पूनियां ने काम के महत्त्व पर प्रकाश डाला और कहा कि कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता । डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने भारतीय इतिहास पर प्रकाश डाला तथा हरियाणा राज्य के बारे में उन्होनें जानकारी दी कि कैसे इस राज्य ने भारत को आजादी














दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है । अन्तिम दिन अर्न्तराष्ट्रीय महंत डॉ. अशोक गिरी व भिवानी के विधायक श्री घनश्याम सर्राफ ने स्वंयसेवकों को राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए स्वंयसेवकों को उनके द्वारा सात दिनों में की गई गतिविधियों के पुरस्कार व प्रमाण–पत्र वितरित किये ।

**21 जनवरी 2023**

विकसित युवा विकसित भारत अभियान के तहत कर्नाटक स्थित धारवाड़ हुबली में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित राष्ट्रीय महोत्सव 2023 में गिनिज वर्ल्ड रिकॉर्ड 'योगा मेरा फैन' में वैश्य महाविद्यालय भिवानी की छात्रा प्रियंका भी रिकार्ड का हिस्सा बनी। हरियाणा से चयनित 19 स्वयंसेवकों में वैश्य महाविद्यालय भिवानी की प्रियंका को भी इसमें भागीदारी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।





**23 जनवरी 2023**

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती पर देश भक्ति, नशा मुक्ति पर कविता प्रतियोगिता व लघु नाटिका 'जब जागो तब सवेरा' का आयोजन किया गया। कविता में दिव्या प्रथम, ललीता द्वितीय और चरणसिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।







**30 जनवरी 2023**

महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री बी.के. गुप्ता, आईआरएस (सेवानिवृत्त) मुख्य अतिथि श्री सुरेश गुप्ता महासचिव वैश्य महाविद्यालय भिवानी विशिष्ट अतिथि और डॉ सुशील गुप्ता, न्यू हेवन, यूएसए के पल्मोनरी के सलाहकार मुख्य वक्ता ने नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य पर विस्तृत व्याख्यान दिया।






**5 मार्च 2023**

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक ने निदेशालय उच्तर शिक्षा हरियाणा, पंचकूला द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी साइबर क्राइम की रोकथाम का सशक्त हथियार जन जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में संरक्षक–इन–चीफ वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता व महासचिव सुरेश गुप्ता रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने संरक्षक, डॉ कामना कौशिक ने संयोजक व डॉ कृष्ण कुमार ने आयोजन सचिव की भूमिका निभाई। 300 प्रतिभागियों ने संगोष्ठी में सहभागिता की एवं 250 शोधार्थियों ने साइबर सुरक्षा पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।






**28 मार्च 2023**

बहुविषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय है अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता, स्वस्थता, साक्षरता एवं आत्मनिर्भरता का मूल्यांकन। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के संरक्षक–इन–चीफ वैश्व महाविद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता व महासचिव सुरेश गुप्ता रहे। संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने संरक्षक, डॉ कामना कौशिक ने संयोजक व डॉ नरेन्द्र कुमार ने आयोजन सचिव की भूमिका निभाई। संगोष्ठी में 230 प्रतिभागियों ने एवं 140 विद्यार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए।






**31 मार्च 2023**

निदेशक उच्तर शिक्षा हरियाणा के दिशा–निर्देश पर सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। स्वयंसवकों द्वारा 18–25 वर्ष के लड़के–लड़कियों की आवश्यक जानकारी एकत्रित कर ग्रीड एवं क्रीड पोर्टल पर दस्तावेजों को अपलोड किया।






**1 अप्रैल 2023**

महाविद्यालय परिसर के आसपास के क्षेत्र में पौधारोपण किया गया जिसके अन्तर्गत 100 पौधे लगाए गए।



**13 अप्रैल 2023**

जलियांवाला बाग हत्याकांड दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों एवं अन्य सदस्यों द्वारा रक्तदान किया गया।





**14 अप्रैल 2023**

जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को नमन करते हुए एवं डॉ भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयन्ती पर 132 विद्यार्थियों द्वारा 132 स्थानों पर पौधारोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सामाजिक आर्थिक सर्वे कर रहे स्वयंसेवकों ने सर्वे के साथ–साथ विभिन्न स्थानों पर पेड़ लगाओ–जीवल बचाओ का सन्देश दिया। स्वयंसेवकोंय द्वारा प्लास्टिक और पॉलिथीन का प्रयोग न करने का स्व संकल्प भी लिया गया।





**22 अप्रैल 2023**

पृथ्वी दिवस अवसर पर स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



**28 अप्रैल 2023**

फलावर पॉट/मटकी सजावट एवं माचिस की तीली/आइसक्रीम स्टिक से सजावट की वस्तु बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।





5 मई
2023

स्वयंसेवकों द्वारा नीट सर्वे में 100 व्यक्तियों का डाटा एकत्रित किया गया।





9 मई
2023

एकदिवसीय शिविर के अन्तर्गत नीट सर्वे में 100 व्यक्तियों का डाटा एकत्रित किया गया,
जिसमें स्वयंसेवकों ने गांव बापोड़ा के 19 से 25 वर्ष के युवाओं का सर्वे किया।
सर्वे इस बात का किया गया कि युवाओं ने किस स्तर तक शिक्षा ग्रहण की है।






13 मई
2023

निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया
जिसका विषय ''माता और धरती माता'' रहा।



20 मई
2023

बेहतर वातावरण बनाने के लिए, तनाव को दूर करने के लिए और सकरात्मक उर्जा
एवं जोश का संचार करने के लिए अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओं
का निर्माण करने की प्रतियोगिता आयोजित की गई।





22 मई 2023

फन एवं फ्रोलिक फेस्ट का आयोजन विद्यार्थियों के परीक्षा तनाव को दूर करने हेतु आयोजित किया गया।









28 मई 2023

मेरी माटी मेरा देश अभियान में स्वयंसेवकों का रजिस्ट्रेशन करवाया गया और मेरी माटी–मेरा देश अभियान की महता को प्रतिपादित कर पौधारोपण एवं स्वच्छता गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।






3 जून 2023

विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल रैली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।





5 जून 2023

विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण बचाओ–जीवन बचाओ पर स्वयंसेवकों को पर्यावरण सुरक्षा में यथासंभव योगदान देने की शपथ दिलाई ।












16 जून 2023

महाविद्यालय में स्वयंसेवकों की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिवम को श्रेष्ठ स्वयं सेवक के रूप में चुना गया।








# सर्वोत्कृष्ट स्वयंसेवक 2022-23



छवि



गौतम



साक्षी



हिमांशु



हर्ष



शिवम



ओम प्रकाश



ललिता



लोकेश